# आम सूचना

उत्तराखण्ड म्यूनिसिपल एकाउन्टिंग 2021, के क्रम में वर्ष 2026–2027 हेतु Accrual-Based Double Entry Accounting प्रणाली के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों पर नगरपालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल) के वार्षिक वित्तीय विवरण (AFS) तैयार किये जाने तथा अन्य सम्बन्धित कार्यो के सम्पादन हेतु उत्तराखण्ड म्यूनिसिपल एकाउन्टिंग 2021 की पूर्ण जानकारी रखने वाले चार्टड एकाउन्टटेंट /सम्बन्धित फर्मो से सीलबन्द निविदायें,दो प्रस्ताव निविदा प्रणाली के आधार पर,आमन्त्रित की जाती है।

उक्त हेतु निविदा प्रपत्र निविदा प्रकाशन की दिनांक से दिनांक 08.05.2026 की सांय 5 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 11.05.2026 की अपराह्न 2 बजे तक पालिका कार्यालय के प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग में प्राप्त करवाये जा सकते है। निर्धारित तिथि के भीतर प्राप्त निविदायें दिनांक 12.05.2026 की प्रातः 11:30 बजे से पालिका कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगीं। उक्त सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी एवं शर्ते पालिका के लेखा अनुभाग से अथवा पालिका की Website www.nagarpalikaramnagar.in से भी प्राप्त की जा सकती है।

**(आलोक उनियाल)**
**अधिशासी अधिकारी**
नगरपालिका परिषद,रामनगर।

**(मौ0 अकरम)**
**अध्यक्ष**
नगरपालिका परिषद,रामनगर।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद,रामनगर (नैनीताल)

email : eonagarpalikaramnagar@gmail.com    Website: www.nagarpalikaramnagar.in

पत्रांक 1032 /2– लेखा अनु०/रामनगर, 2026–27    दिनांक 27-04-2026

प्रतिलिपिः–

1. सम्पादक, दैनिक अमर उजाला को इस आशय से प्रेषित की प्रस्तुत आम सूचना का प्रकाशन अपने आगामी अंक में करवाकर न्यनूतम दरों में भुगतान हेतु देयक समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
2. नगरपालिका परिषद,रामनगर की बेबसाइट में अपलोड हेतु।
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय, नगरपालिका परिषद,रामनगर/तहसील/उपजिलाधिकारी,रामनगर में चस्पा हेतु।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

**अधिशासी अधिकारी**
नगरपालिका परिषद,रामनगर।

## नियम व शर्ते

1. यह निविदा वित्तीय वर्ष 2026–2027 हेतु Umam-2021 के अनुसार Accrual Based Double-Entry Accouting प्रणाली से निर्धारित प्रपत्रों पर पालिका के वार्षिक वित्तीय विवरण तैयार किये जाने तथा सम्बन्धित अन्य कार्य जैसे हर माह के अंत में पालिका का बैंक समाधान विवरण तैयार करने,पालिका का लेखा सम्बन्धी प्रकरणों में Umam-2021 के प्राविधानुसार उचित राय प्रदान करने तथा पालिका लेखों के आडिट के दौरान ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण पैरावाइज तैयार करने एवं अन्य सम्बन्धित कार्यो हेतु आमन्त्रित की जा रही है।
2. सशर्त निविदायें अमान्य होगीं।
3. निवादायें पूर्ण रूप से नियमानुसार भरकर दिनांक 11.05.2026 की दोपहर 2 बजे तक नगरपालिका परिषद,रामनगर के कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहियें। निर्धारित समयसीमा के प्राप्त निविदायें दिनांक 12.05.2026 को 11:30 बजे प्रातः निविदा समिति के समक्ष खोली जायेंगी।
4. निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी।
5. उक्त हेतु निविदायें दोहरी निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूपों में प्रस्तुत करनी होगी, जिस हेतु निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा को अलग–अलग लिफाफों में मुहरबन्द कर तथा लिफाफो ऊपर 'तकनीकी निविदा' अथवा 'वित्तीय निविदा' लिखकर सम्यक रूप से अंकित एक बडे लिफाफे में दोनो लिफाफे रख प्रस्तुत की जानी अनिवार्य है। निर्धारित समयावधि के भीतर प्राप्त निविदाओं को खोले जाने के कम में सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी। केवल उन्ही निविदादाताओं की वित्तीय निविदा खोली जायेंगी जो माननीय पालिकाध्यक्ष/निविदा समिति द्वारा तकनीकी रूप से अर्ह घोषित किये जायेगें।
6. फर्म को 10 वर्ष का पेशेवर अनुभव होना अनिवार्य है।
7. फर्म का मुख्य कार्यालय या शाखा कार्यालय उत्तराखण्ड राज्य में होना अनिवार्य है।
8. फर्म में न्यूनतम 5 भागीदार होने आवश्यक है।जिसमें कम से कम 3 एफ0सी0ए0 भागीदार होने अनिवार्य है।
9. निविदादाता को उत्तराखण्ड की शहरी स्थानीय निकायों में UMAM-2021 के अनुसार कम से कम 3 वर्षो के वित्तीय विवरण तैयार किये जाने का अनुभव होना चाहिए।
10. स्वीकृत निविदादाता को निविदा स्वीकृति पश्चात निर्धारित मूल्य के नॉन ज्युडिशिलय स्टाम्प में पालिका के साथ लिखित अनुबंध किये जाने के साथ–साथ स्वीकृत निविदा धनराशि की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि, जो कि एन०एस०सी/के०वी०पी०/एफ०डी०आर० के रूप में हो, अधिशासी अधिकारी के नाम से बन्धक करवा कर, कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।
11. स्वीकृत निवादादाता द्वारा वित्तिय वर्ष 2026–27(01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) हेतु निकाय के लेखे दोहरी लेखा प्रणाली में रखते हुये वार्षिक वित्तीय विवरण (AFS) तैयार करने होगें। नगरपालिका द्वारा कार्य से सन्तुष्ट होने पर अनुबन्ध आगे बढ़ाया जा सकता है।
12. दोहरी लेखा प्रणाली के अन्तर्गत डेटा एन्ट्री का कार्य नगर पालिका परिषद, रामनगर के कार्यालय में Tally Prime साफ्टवेयर में करना होगा।
13. नगर पालिका परिषद,रामनगर का Fixed Assets Register Depreciation गणना के साथ उपलब्ध कराना होगा।
14. सफल निविदादाता फर्म को कार्यवधि के दौरान पालिका की दैनिक प्रविष्टियों के मिलान हेतु अपना कम से कम एक योग्य सहायक प्रत्येक कार्यदिवस में पालिका कार्यालय में उपलब्ध करवाना होगा।
15. UMAM 2021 के अनुसार सम्पत्ति कर पर प्रावधान भी करना होगा।
16. फर्म का गत वर्ष का वार्षिक टर्न ओवर 1 करोड़ होना चाहिये।
17. तकनीकी प्रस्ताव के आधार पर निविदा का गुणवत्ता मुल्यांकन निम्न अनुसार किया जायेगा–

| क्र0 सं0 | विवरण | अंक |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का उत्तराखण्ड राज्य में कार्य करने का अनुभव। | 10 |
| 2 | फर्म की स्थानीय जिले(जिला–नैनीताल) में उपस्थिति | 10 |
| 3 | शहरी स्थानीय निकायों के अन्तर्गत इसी प्रकार के कार्य करने का अनुभव प्रत्येक वर्ष/प्रत्येक स्थानीय निकाय हेतु 2 अंक अधिकतम 30 अंक। | 30 |
| 4 | फर्म का इसी प्रकार के परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का अनुभव/प्रमाणपत्र ,प्रत्येक वर्ष हेतु 1 अंक अधिकतम 10 अंक | 10 |
| 5 | मुख्य कार्यकारी (योग्यता, उपयुक्त अनुभव और ट्रैक रेकार्ड, सहयोगी कर्मचारियों की उपलब्धता,) | 10 |
| 6 | ICAI द्वारा जारी वैध PEER REVIEW CIRTIFICATE | 10 |
| 7 | UMAM 2021 की समझ, कार्य पद्वति के सुझाव, गुणवत्ता का आश्वासन और प्रस्तावित रणनीति | 20 |
| | योग | 100 |

18. तकनीकी प्रस्ताव के आधार पर किये गये गुणवत्ता मूल्याकंन में न्यूनतम 70 अंक प्राप्त करने वाली फर्मो/निविदादाताओ को ही चयन की आगामी प्रकिया में सम्मिलित किया जायेगा।
19. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद,रामनगर को होगा।
20. किसी भी विवाद की स्थिती में न्यायिक क्षेत्र रामनगर(नैनीताल) होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
रामनगर (नैनीताल)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
रामनगर (नैनीताल)